48

C.S(P)-2010

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : N–DTQ–K–RUI**

**Test Booklet Series**

**Serial No.**

21933

# TEST BOOKLET

## PSYCHOLOGY

**A**

**Time Allowed : Two Hours**

**Maximum Marks : 300**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. A young boy has been confined to his room for an hour for his misbehaviour. This is probably a pretty negative situation for him. He starts crying softly and pitifully murmurs that no one loves him. This causes his mother to relent in a few minutes and let him out of his room. This is called

(a) avoidance conditioning

(b) criticism trap

(c) escape conditioning

(d) omission conditioning

2. Consider the following human needs :

1. Safety needs
2. Physiological needs
3. Esteem needs
4. Belonging and love needs
5. Need for self-actualization

What is the correct order of the above-mentioned human needs?

(a) 2–1–4–3–5

(b) 1–2–3–4–5

(c) 4–3–2–1–5

(d) 2–1–4–5–3

3. Consider the following statements :

1. Consciousness brings in uniformity in diverse stimulus fields.
2. Consciousness creates self-awareness in the individual about the perceptual stimuli.
3. Consciousness gives judgement of truth regarding the perceived object.

Which of the statements given above are correct?

(a) 1 and 3 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

4. In wartime, soldiers remain in camouflage using which one of the following principles of perception?

(a) Proximity

(b) Grouping

(c) Common fate

(d) Figure and ground

1. एक छोटा लड़का अपने दुर्व्यवहार के लिए एक घण्टे से कमरे में परिरुद्ध है। शायद यह उसके लिए बहुत ही नकारात्मक स्थिति है। वह हल्के-हल्के रोना शुरू करता है और दयनीयता से भुनभुनाता है कि कोई भी उससे प्रेम नहीं करता। इसके कारण माँ कुछ ही मिनटों में द्रवित होकर उसे उसके कमरे से बाहर आने देती है। इसे क्या कहते हैं?

(a) परिहार अनुबन्धन

(b) आलोचना पाश

(c) पलायन अनुबन्धन

(d) लोप अनुबन्धन

2. निम्नलिखित मानव आवश्यकताओं पर विचार कीजिए :

1. सुरक्षा की आवश्यकताएँ
2. शरीरक्रियात्मक आवश्यकताएँ
3. सम्मान की आवश्यकताएँ
4. साथ जुड़ने और प्रेम की आवश्यकताएँ
5. आत्मसिद्धि की आवश्यकता

उपर्युक्त मानव आवश्यकताओं का सही क्रम क्या है?

(a) 2–1–4–3–5

(b) 1–2–3–4–5

(c) 4–3–2–1–5

(d) 2–1–4–5–3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चेतना विविध उद्दीपन क्षेत्रों में एकरूपता लाती है।
2. चेतना व्यक्ति में प्रात्यक्षिक उद्दीपनों के प्रति आत्मजागरूकता उत्पन्न करती है।
3. चेतना प्रत्यक्षित वस्तुओं की सत्यता-विषयक निर्णय देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

4. युद्धकाल में सैनिक, प्रत्यक्षण के निम्नलिखित में से किस एक सिद्धान्त का उपयोग कर छद्मावरण में बने रहते हैं?

(a) सामीप्य

(b) समूहन

(c) सामान्य नियति

(d) आकृति और धरातल

5. The physiological properties of the nerve fibre vary with their diameter and medullation.

In the light of the above statement, thicker the nerve fibre

(a) the higher will be the impulse velocity

(b) the lower will be the spike potential

(c) the higher will be the refractory period

(d) None of the above

6. Which two hormones are secreted by posterior pituitary gland?

(a) Antidiuretic hormone and oxytocin

(b) Growth hormone and prolactin

(c) Follicle-stimulating hormone and adrenocorticotropin

(d) Thyroid-stimulating hormone and luteinizing hormone

7. A newly developed numerical ability test was correlated with an established numerical ability test. The two tests correlated 0·25. This provides an evidence for

(a) the unsatisfactory concurrent validity for the new test

(b) the satisfactory concurrent validity for the new test

(c) the unsatisfactory predictive validity for the new test

(d) the satisfactory predictive validity for the new test

8. Consider the following statements :

The 'radio stimulation' improved the study of brain and behaviour relationship by

1. allowing observations under free-ranging conditions

2. initiating social interaction when desired

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

9. Reverberatory circuits mainly exist in

(a) medulla

(b) midbrain

(c) pons

(d) cerebral cortex

10. In a project on 'Human Factors : Designing for Effectiveness and Safety', the psychologist wanted to find out whether in comparison to reading a moving scale with a fixed pointer, it is easier to read the pointers moving against the fixed scale. Which research method is suitable for the purpose?

(a) Employee survey

(b) Experimental method

(c) Non-participant observation

(d) Participant observation

5. तंत्रिका तन्तु के शरीरक्रियात्मक गुणधर्म उनके व्यास तथा मज्जायन (मेडुलेशन) के साथ बदलते हैं।

उपर्युक्त कथन के आधार पर तंत्रिका तन्तु जितना स्थूल होगा

*(a)* आवेश वेग उतना ही उच्च होगा

*(b)* कणिश विभव उतना ही निम्न होगा

*(c)* अनुत्तेजन अवधि उतनी ही अधिक होगी

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. कौन-से दो हार्मोन पश्चपीयूष ग्रन्थि से स्रवित होते हैं?

*(a)* मूत्ररोधी हार्मोन और ऑक्सीटोसिन

*(b)* वृद्धि हार्मोन और प्रोलैक्टिन

*(c)* फॉलिकल उद्दीपक हार्मोन और एड्रिनोकॉर्टिकोट्रोपिन

*(d)* थायरॉयड उद्दीपक हार्मोन और ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन

7. एक नवविकसित सांख्यिक योग्यता परीक्षण को एक स्थापित सांख्यिक योग्यता परीक्षण के साथ सहसम्बन्धित किया गया। दोनों परीक्षणों का सहसम्बन्ध 0·25 था। यह किसका साक्ष्य प्रदान करता है?

*(a)* नवविकसित परीक्षण की असन्तोषप्रद समवर्ती वैधता

*(b)* नवविकसित परीक्षण की सन्तोषप्रद समवर्ती वैधता

*(c)* नवविकसित परीक्षण की असन्तोषप्रद प्रागुक्तिक वैधता

*(d)* नवविकसित परीक्षण की सन्तोषप्रद प्रागुक्तिक वैधता

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

'रेडियो उद्दीपन' से मस्तिष्क तथा व्यवहार के सम्बन्ध का अध्ययन उन्नत हुआ

1. मुक्त-परास परिस्थितियों के अन्तर्गत प्रेक्षणों को अनुमत कर

2. सामाजिक अन्योन्यक्रिया को इच्छानुसार प्रारम्भ कर

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

9. अनुरणन-परिपथ मुख्यतः किसमें होते हैं?

*(a)* मेड्युला

*(b)* मध्यमस्तिष्क

*(c)* सेतु

*(d)* प्रमस्तिष्कीय वल्कुट

10. 'मानवीय घटक : प्रभाविता तथा सुरक्षा हेतु अभिकल्प' पर एक परियोजना में, मनोवैज्ञानिक जानना चाहते थे कि नियत सूचक-युक्त गतिशील मापनी को पढ़ने की तुलना में नियत मापनी के विपरीत गतिशील सूचकों को पढ़ना आसान है। इस परियोजना के लिए कौन-सी अनुसन्धान विधि उपयुक्त है?

*(a)* कर्मचारी सर्वेक्षण

*(b)* प्रयोगात्मक विधि

*(c)* असहभागी प्रेक्षण

*(d)* सहभागी प्रेक्षण

**11.** Which one of the following is the most important characteristic of clinical method?

*(a)* Antecedent-cause identification

*(b)* In-depth study of a client

*(c)* Prognostic scope

*(d)* Scope for establishing rapport

**12.** Which of the following is/are the essential characteristic(s) of a psychological experiment?

1. Active manipulation of the independent variable
2. Use of sophisticated instruments and apparata
3. Controlling the extraneous variables affecting the dependent variable

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 3 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**13.** The phenomenon of certain colours appearing to change brightness under different levels of illumination is called

*(a)* phi-phenomenon

*(b)* Purkinje phenomenon

*(c)* Emmert's phenomenon

*(d)* stereoscopic phenomenon

**14.** The law of Prägnanz pertains to which of the following?

1. Perception of a visual array
2. Simplest possible organization of elements into a stable, coherent whole
3. Perceiving motion due to binocular cues

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 3 only

**15.** A basketball player is learning to basket the ball. He makes many attempts most of them are failures. But he repeats the occasional successful attempts. Slowly he learns to achieve high percentage of successful shots. What is the process of learning involved in this situation called?

*(a)* Insightful learning

*(b)* Trial and error learning

*(c)* Classical learning

*(d)* Operant learning

**11.** निम्नलिखित में से निदानात्मक विधि की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता कौन-सी है?

*(a)* पूर्ववृत्त-कारण जानना

*(b)* सेवार्थी का गहन अध्ययन

*(c)* पूर्वानुमान का अवसर

*(d)* सामरस्य स्थापन का अवसर

**12.** निम्नलिखित में से मनोवैज्ञानिक प्रयोग की अनिवार्य विशेषता(एँ) कौन-सी है/हैं?

1. स्वतंत्र चरों का सक्रिय जोड़-तोड़
2. परिष्कृत उपकरणों का उपयोग
3. आश्रित चरों को प्रभावित करने वाले बाह्य चरों का नियंत्रण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**13.** कतिपय रंगों की, प्रदीप्ति के विभिन्न स्तरों के अधीन, द्युति परिवर्तित करते हुए प्रतीत होने की घटना क्या कहलाती है?

*(a)* फाई-घटना

*(b)* परकिंजे घटना

*(c)* एमर्ट घटना

*(d)* त्रिविमदर्शी घटना

**14.** प्रेगनैन्ज़ का नियम निम्नलिखित में से किन पर निर्धारित है?

1. चाक्षुष पंक्ति विन्यास का प्रत्यक्षण
2. एक स्थायी, संसक्त साकल्य में तत्त्वों की सरलतम सम्भव व्यवस्था
3. द्विनेत्री द्वारा होने वाला गति का प्रत्यक्षण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

**15.** एक बास्केटबॉल का खिलाड़ी गेंद बास्केट में डालना सीख रहा है। वह कई बार प्रयास करता है पर अधिकतर असफल रहता है। पर वह कभी-कभी मिली सफलता के प्रयास दोहराता है। धीरे-धीरे वह सफल प्रयत्नों की उच्च प्रतिशतता प्राप्त करना अधिगत कर लेता है। इस परिस्थिति में किस अधिगम प्रक्रम का प्रयोग हुआ है?

*(a)* अन्तर्दृष्टिपूर्ण अधिगम

*(b)* प्रयत्न-त्रुटि अधिगम

*(c)* क्लासिकी अधिगम

*(d)* क्रियाप्रसूत अधिगम

**16.** Consider the following :

Evolutionary levels of learning given by Razran are

1. reactive
2. integrative
3. symbolizing
4. connective

What is the correct order of the above?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 2–4–3–1

*(d)* 1–4–2–3

**17.** Transfer of training is positive, when

*(a)* two tasks involve different stimuli and similar responses

*(b)* two tasks involve similar stimuli and different responses

*(c)* two tasks involve different stimuli and different responses

*(d)* None of the above

**18.** Children who are born with a missing sex chromosome will suffer from

*(a)* Down's syndrome

*(b)* Kleine-Levin syndrome

*(c)* Turner's syndrome

*(d)* Klinefelter's syndrome

**19.** Which one of the following is a primary advantage of the naturalistic observation?

*(a)* It is a highly objective and reliable method

*(b)* It allows easy, cheap and quick data collection as compared to other methods

*(c)* It does not require sophisticated apparata and instruments

*(d)* It allows to study behaviour, which is more natural, spontaneous and varied than in a laboratory

**20.** Lack of control over one's environment leads to

*(a)* mental retardation

*(b)* extrovert behaviour

*(c)* sociability

*(d)* learned helplessness

**21.** The concept of personality has been introduced in psychology through the observations that behaviour is

*(a)* quite complex and influenced by quite large number of stimuli

*(b)* consistent and persistent

*(c)* governed from within

*(d)* highly individualistic and situation-specific

**16.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

राजरान द्वारा दिए गए अधिगम के विकासवादी स्तर हैं

1. प्रतिक्रियात्मक
2. समाकलनात्मक
3. प्रतीकीकरणात्मक
4. संयोजी

उपर्युक्त का सही क्रम कौन-सा है?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 2–4–3–1

*(d)* 1–4–2–3

**17.** प्रशिक्षण का अन्तरण सकारात्मक होता है, जब

*(a)* दो कार्यों में भिन्न उद्दीपन और समान अनुक्रियाएँ हों

*(b)* दो कार्यों में समान उद्दीपन और भिन्न अनुक्रियाएँ हों

*(c)* दो कार्यों में भिन्न उद्दीपन और भिन्न अनुक्रियाएँ हों

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** जो बच्चे विलुप्त लिंग-गुणसूत्र के साथ पैदा होते हैं, वे किस संलक्षण से पीड़ित होंगे?

*(a)* डाउन संलक्षण

*(b)* क्लाइन-लेविन संलक्षण

*(c)* टर्नर संलक्षण

*(d)* क्लाइनफेल्टर संलक्षण

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक नैसर्गिक प्रेक्षण का मूल लाभ है?

*(a)* यह अत्यधिक वस्तुनिष्ठ और विश्वसनीय पद्धति है

*(b)* अन्य पद्धतियों की अपेक्षा यह आसान, सस्ता और द्रुत दत्त संग्रह कराता है

*(c)* इसमें परिष्कृत उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती

*(d)* यह ऐसे व्यवहार का अध्ययन सम्भव बनाता है, जो प्रयोगशाला के व्यवहार की अपेक्षा अधिक नैसर्गिक, स्वतःस्फूर्त व विविध होता है

**20.** अपने पर्यावरण पर नियंत्रण की कमी के फलस्वरूप क्या होता है?

*(a)* मानसिक मंदता

*(b)* बहिर्मुखी व्यवहार

*(c)* समाजशीलता

*(d)* अधिगत निःसहायता

**21.** मनोविज्ञान में व्यक्तित्व के सम्प्रत्यय को इन प्रेक्षणों के आधार पर शामिल किया गया है कि व्यवहार

*(a)* काफी जटिल होता है तथा काफी अधिक संख्या में उद्दीपनों से प्रभावित होता है

*(b)* संगत तथा सतत होता है

*(c)* अन्तःनियंत्रित होता है

*(d)* अत्यधिक व्यक्तिपरक तथा स्थितिविशिष्ट होता है

22. A psychologist, interested in understanding the consequences of capital punishment, could locate only five persons receiving capital punishment and available for study. For this purpose, he should employ

(a) experimental method

(b) case-study method

(c) medical method

(d) observation method

23. When the moon is near the horizon, it appears larger than when it is overhead in the sky. The effect is mainly the result of

1. distance cues that make the horizon moon seem nearer
2. the retinal image of horizon moon being larger than the retinal image of the moon when it is overhead

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

24. A stationary light hanging on a ceiling in a complete dark atmosphere in a room appears to be moving to and fro. This is known as

(a) autokinetic movement

(b) induced movement

(c) apparent movement

(d) phi-phenomenon

25. If subjects learn a list and relearn the same in reverse order, it suggests that

(a) recall method leads to positive transfer but anticipation method leads to no transfer

(b) recall method leads to negative transfer but anticipation method leads to positive transfer

(c) anticipation method leads to negative transfer but recall method leads to no transfer

(d) both anticipation and recall methods lead to no transfer

26. 'Learning set' experiments provide evidence for

(a) specific transfer

(b) non-specific transfer

(c) setting learning experiments

(d) anticipation

27. The time between the conditioned stimulus and the unconditioned stimulus is known as

(a) stimulus response interval

(b) conditioned response interval

(c) unconditioned response interval

(d) interstimulus interval

22. मृत्युदण्ड के परिणामों को समझने में रुचि रखने वाला एक मनोवैज्ञानिक, केवल ऐसे पाँच व्यक्तियों का ही पता कर पाता है जो मृत्युदण्ड पाने वाले हैं और अध्ययन के लिए उपलब्ध हैं। इस प्रयोजन के लिए उसे किस पद्धति का प्रयोग करना चाहिए?

(a) प्रयोगात्मक पद्धति

(b) व्यक्ति-अध्ययन पद्धति

(c) चिकित्सा पद्धति

(d) प्रेक्षण पद्धति

23. क्षितिज के निकट स्थित चन्द्रमा आकाश में ऊर्ध्वस्थ चन्द्रमा से बड़ा दिखता है। यह प्रभाव मुख्यतः परिणाम है

1. दूरी के अनुसंकेतों का, जिनके कारण क्षितिज का चन्द्रमा निकट प्रतीत होता है

2. क्षितिज के चन्द्रमा की दृष्टिपटलीय प्रतिमा का आकाश में ऊर्ध्वस्थ चन्द्रमा की दृष्टिपटलीय प्रतिमा से बड़ा होने का

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

24. पूरी तरह से अन्धकारमय वातावरण वाले कमरे में जब एक स्थिर बत्ती छत से टँगी होती है, तो वह इधर-उधर संचलित-सी दिखती है। इसे क्या कहते हैं?

(a) स्वतःगतिक संचलन

(b) उत्प्रेरित संचलन

(c) आभासी संचलन

(d) फाई-घटना

25. यदि प्रयोज्य किसी सूची को याद करते हैं और प्रतिलोम क्रम में उसे दोबारा याद करते हैं, तो यह सुझाता है कि

(a) पुनःस्मरण विधि सकारात्मक अन्तरण की ओर ले जाती है, परन्तु पूर्वाभास विधि से कोई अन्तरण नहीं होता

(b) पुनःस्मरण विधि नकारात्मक अन्तरण की ओर ले जाती है, परन्तु पूर्वाभास विधि से सकारात्मक अन्तरण होता है

(c) पूर्वाभास विधि से नकारात्मक अन्तरण होता है, परन्तु पुनःस्मरण विधि से कोई अन्तरण नहीं होता

(d) पूर्वाभास और पुनःस्मरण, दोनों ही विधियों से कोई अन्तरण नहीं होता है

26. 'अधिगम विन्यास' के प्रयोग किसका साक्ष्य देते हैं?

(a) विशिष्ट अन्तरण

(b) अविशिष्ट अन्तरण

(c) अधिगम प्रयोगों को व्यवस्थित करना

(d) पूर्वाभास

27. अनुबन्धित उद्दीपन तथा अननुबन्धित उद्दीपन के बीच के समय को क्या कहते हैं?

(a) उद्दीपन अनुक्रिया अन्तराल

(b) अनुबन्धित अनुक्रिया अन्तराल

(c) अननुबन्धित अनुक्रिया अन्तराल

(d) अन्तःउद्दीपन अन्तराल

**28.** In any learning experiment

*(a)* practice is an independent variable, learning and change in behaviour are dependent variables

*(b)* practice is an independent variable, learning is intervening variable and change in behaviour is dependent variable

*(c)* learning and change in behaviour are independent variables and practice is dependent variable

*(d)* practice is control variable, learning is dependent variable and change in behaviour is independent variable

**29.** In a research on the relationship between intelligence and performance in the school examination, in a class of thirty students, ten students were identified as high intelligent and twenty students were identified as low intelligent. The means of examination marks for high and low intelligent students are 50 and 20 respectively. For some reasons, the mean of marks for the entire class is needed. What would it be?

*(a)* 70

*(b)* 35

*(c)* 30

*(d)* 25

**30.** A set of numbers has a variance of $v$. If a constant $k$ is added to every number in the set, what will be the variance of the new set of numbers?

*(a)* $k$

*(b)* $v$

*(c)* $v+k$

*(d)* $v \times k$

**31.** If a constant 5 is added to all the scores of a given distribution, what effect will it have on the computation of the mean, if the size of the distribution is $N$?

*(a)* Mean will increase by 5

*(b)* Mean will decrease by 5

*(c)* There will be no change in the mean

*(d)* Mean will increase by $5/N$

**32.** Consider the following scales of measurement :

1. Nominal scale
2. Ratio scale
3. Interval scale
4. Ordinal scale

The median can be a measure of central tendency in which of the above scales of measurement?

*(a)* 1 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 4 only

*(d)* 2, 3 and 4

**28.** किसी भी अधिगम के प्रयोग में

(a) अभ्यास स्वतंत्र चर है, अधिगम तथा व्यवहार में परिवर्तन आश्रित चर हैं

(b) अभ्यास स्वतंत्र चर है, अधिगम हस्तक्षेपी चर है तथा व्यवहार में परिवर्तन आश्रित चर है

(c) अधिगम तथा व्यवहार में परिवर्तन स्वतंत्र चर हैं तथा अभ्यास आश्रित चर है

(d) अभ्यास नियंत्रण चर है, अधिगम आश्रित चर है तथा व्यवहार में परिवर्तन स्वतंत्र चर है

**29.** स्कूल की परीक्षा में बुद्धि व निष्पादन के बीच का सम्बन्ध जानने के लिए, एक अनुसन्धान में तीस विद्यार्थियों की कक्षा में से दस विद्यार्थी उच्च बुद्धि के निर्धारित किए गए थे व बीस विद्यार्थी निम्न बुद्धि के निर्धारित किए गए थे। परीक्षा के अंकों का, उच्च तथा निम्न बुद्धि के विद्यार्थियों के लिए, माध्य क्रमशः 50 तथा 20 है। किसी कारणवश, पूरी कक्षा के अंकों के माध्य की आवश्यकता है। वह क्या हो सकता है?

(a) 70

(b) 35

(c) 30

(d) 25

**30.** संख्याओं के एक समुच्चय का प्रसरण $\upsilon$ है। यदि समुच्चय की प्रत्येक संख्या में एक स्थिरांक $k$ जोड़ा जाय, तो नई संख्याओं के समुच्चय का प्रसरण क्या होगा?

(a) $k$

(b) $\upsilon$

(c) $\upsilon + k$

(d) $\upsilon \times k$

**31.** यदि दिए गए बण्टन के सभी अंकों में एक स्थिरांक 5 जोड़ा जाए, तो माध्य के अभिकलन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, यदि बण्टन का आमाप $N$ है?

(a) माध्य 5 बढ़ जाएगा

(b) माध्य 5 घट जाएगा

(c) माध्य में कोई परिवर्तन नहीं होगा

(d) माध्य $5/N$ बढ़ जाएगा

**32.** माप की निम्नलिखित मापनियों पर विचार कीजिए :

1. नामित मापनी
2. अनुपात मापनी
3. अन्तराल मापनी
4. क्रमसूचक मापनी

माध्यिका, माप की उपर्युक्त मापनियों में से किसमें/किनमें केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप हो सकती है?

(a) 1 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 4

(d) 2, 3 और 4

**33.** In the neuron, which one of the following carries information away from the cell body?

*(a)* Glial cells

*(b)* Dendrite

*(c)* Axon

*(d)* Astrocyte

**34.** Extent of illusion in some geometrical forms happens to differ among African and American groups due to

*(a)* racial differences

*(b)* personality differences

*(c)* differences in physical environment

*(d)* None of the above

**35.** When a neuron is not carrying a nerve impulse, it is said to be in the

*(a)* ionic state

*(b)* nervous state

*(c)* negative state

*(d)* resting state

**36.** The similarity between incidental and latent learning is that

*(a)* both undermine the role of reinforcement

*(b)* both involve recognition

*(c)* both involve cognition

*(d)* both occur covertly

**37.** A psychologist correlated the scores on the odd-numbered items of a test with the scores on the even-numbered items of the same test. What is he trying to find?

*(a)* Alternate forms reliability

*(b)* Internal consistency reliability

*(c)* Test-retest reliability

*(d)* Concurrent validity

**38.** Ten candidates applied for a job. They were listed in a descending order in terms of their suitability for the job, as assessed by a standardized selection test. The list constitutes a/an

*(a)* nominal scale

*(b)* ordinal scale

*(c)* interval scale

*(d)* ratio scale

**39.** A student failing to get high scores in school examination devotes greater energy to excel in sports. What is this called?

*(a)* Displacement

*(b)* Withdrawal

*(c)* Compensation

*(d)* Reaction formation

**33.** तंत्रिकाकोशिका में, निम्नलिखित में से कौन-सी एक कोशिका-काय से सूचना दूर ले जाती है?

*(a)* ग्लयी कोशिका

*(b)* वृक्षिका

*(c)* अक्षतन्तु

*(d)* ऐस्ट्रोसाइट

**34.** कुछ ज्यामितीय रूपों में भ्रम की सीमा का, अफ्रीकी तथा अमरीकी समुदायों में, भिन्नता से घटित होने का क्या कारण है?

*(a)* प्रजातीय भिन्नताएँ

*(b)* व्यक्तित्व भिन्नताएँ

*(c)* भौतिक पर्यावरण की भिन्नताएँ

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** जब तंत्रिकाकोशिका तंत्रिका आवेग का वहन नहीं करती, तो यह किस अवस्था में होती है?

*(a)* आयनिक अवस्था

*(b)* तंत्रिकीय अवस्था

*(c)* नकारात्मक अवस्था

*(d)* विश्राम अवस्था

**36.** आकस्मिक तथा अव्यक्त अधिगम के बीच यह समानता है कि

*(a)* दोनों ही प्रबलन कीं भूमिका को कम आँकते हैं

*(b)* दोनों में पहचान शामिल है

*(c)* दोनों में संज्ञान शामिल है

*(d)* दोनों प्रच्छन्न रूप से घटते हैं

**37.** एक मनोवैज्ञानिक ने किसी परीक्षण के विषम-संख्यक एककों के प्राप्तांकों का सहसम्बन्ध उसी परीक्षण के सम-संख्यक एककों के प्राप्तांकों के साथ ज्ञात किया। वह क्या प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहा है?

*(a)* वैकल्पिक प्रपत्र विश्वसनीयता

*(b)* आन्तरिक संगति विश्वसनीयता

*(c)* परीक्षण-पुनःपरीक्षण विश्वसनीयता

*(d)* समवर्ती वैधता

**38.** एक नौकरी के लिए दस अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया। उनको नौकरी में उनकी उपयुक्तता के आधार पर अवरोही क्रम में सूची में रखा गया, जो मानकीकृत चयन परीक्षण के आधार पर आँका गया था। यह सूची किस मापनी से निर्मित है?

*(a)* नामित मापनी

*(b)* क्रमसूचक मापनी

*(c)* अन्तराल मापनी

*(d)* अनुपात मापनी

**39.** जब एक विद्यार्थी के स्कूल परीक्षा में उच्च अंक नहीं आते, तो वह अधिक ऊर्जा खेलकूद में उत्कृष्ट होने में लगा देता है। इसे क्या कहते हैं?

*(a)* विस्थापन

*(b)* विनिवर्तन

*(c)* प्रतिपूर्ति

*(d)* प्रतिक्रिया निर्माण

**40.** Consider the following statements :

Perception is

1. the active organization of inputs
2. the selection of inputs
3. the interpretation of inputs

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**41.** Inter-role conflict related stress can be reduced by

*(a)* role boundedness

*(b)* role rejection

*(c)* role negotiation

*(d)* role fixation

**42.** The general pattern of reactions to stress which are referred to as the fight-or-flight syndrome is a process controlled through the

*(a)* parasympathetic nervous system

*(b)* sympathetic nervous system

*(c)* central nervous system

*(d)* brain

**43.** One of the ways to change attitudes is to create inconsistencies between a person's actions and attitudes. This technique is based on the concept of

*(a)* compliance

*(b)* persuasion

*(c)* cognitive dissonance

*(d)* cognitive balance

**44.** The most important problem in employing self-report personality inventories in personal selection is

*(a)* low reliability

*(b)* social desirability

*(c)* lack of norms

*(d)* respondent's lack of self-insight

**45.** Who of the following is likely to be an uncooperative and hostile employee in an organization?

*(a)* Employee scoring high on Eysenck's Psychoticism

*(b)* Employee scoring low on Eysenck's Extraversion

*(c)* Employee scoring high on Five-factor Agreeableness

*(d)* Employee scoring low on Five-factor Openness to Experience

**40.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्रत्यक्षण

1. निवेशों की सक्रिय व्यवस्था है
2. निवेशों का चयन है
3. निवेशों की व्याख्या है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**41.** अन्तर्भूमिका द्वन्द्व से सम्बन्धित दबाव को किसके द्वारा घटाया जा सकता है?

*(a)* भूमिका परिबद्धता

*(b)* भूमिका अस्वीकरण

*(c)* भूमिका परक्रामण

*(d)* भूमिका नियतन

**42.** दबाव के प्रति प्रतिक्रियाओं का सामान्य प्रतिरूप, जिन्हें लड़ो या भागो संलक्षण के नाम से जाना जाता है, एक प्रक्रम है जो किससे नियंत्रित होता है?

*(a)* परानुकंम्पी तंत्रिकातंत्र

*(b)* अनुकम्पी तंत्रिकातंत्र

*(c)* केन्द्रीय तंत्रिकातंत्र

*(d)* मस्तिष्क

**43.** अभिवृत्तियों को बदलने का एक तरीका है व्यक्ति के कार्यों व अभिवृत्तियों के बीच असंगतियाँ पैदा करना। यह तकनीक किस सम्प्रत्यय पर आधारित है?

*(a)* अनुपालन

*(b)* अनुनय

*(c)* संज्ञानात्मक विसंगति

*(d)* संज्ञानात्मक सन्तुलन

**44.** व्यक्ति-चयन में आत्म-प्रतिवेदन व्यक्तित्व अनुसूचियों का उपयोग करने में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण समस्या कौन-सी है?

*(a)* निम्न विश्वसनीयता

*(b)* सामाजिक वांछनीयता

*(c)* मानकों की कमी

*(d)* प्रत्यर्थी की आत्म-अन्तर्दृष्टि का अभाव

**45.** निम्नलिखित में से किस एक का किसी संगठन में असहयोगी और विरोधी कर्मचारी बन जाना सम्भावित है?

*(a)* जिस कर्मचारी के, आइज़िंक की मनस्तापिता पर, प्राप्तांक उच्च हों

*(b)* जिस कर्मचारी के, आइज़िंक की बहिर्मुखता पर, प्राप्तांक निम्न हों

*(c)* जिस कर्मचारी के, पाँच घटक में, सहमति-शक्यता पर प्राप्तांक उच्च हों

*(d)* जिस कर्मचारी के, पाँच घटक में, अनुभव के प्रति खुलेपन पर, प्राप्तांक निम्न हों

**46.** What is the correct order of the following psychosocial development stages given by Erik Erikson?

1. Trust vs. mistrust
2. Autonomy vs. shame and doubt
3. Industry vs. inferiority
4. Initiative vs. guilt

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 1–2–4–3

*(c)* 2–1–4–3

*(d)* 2–4–1–3

**47.** Which of the following is/are the paper-pencil test(s) of the personality assessment?

1. MMPI
2. EPQ
3. DAT

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**48.** Consider the following elements :

1. Need
2. Incentive
3. Drive
4. Reward

Which one of the following is the correct sequence of motivational cycle?

*(a)* 2–1–3–4

*(b)* 1–3–2–4

*(c)* 1–2–3–4

*(d)* 4–3–2–1

**49.** A worker in a company is working overtime for the past few weeks, hoping to get a raise in the job. The behaviour illustrates

*(a)* drive

*(b)* incentive motivation

*(c)* need for power

*(d)* self-actualization

**50.** In fear, the blood vessels serving the stomach, intestines and interior of the body tend to contract, while those serving the exterior muscles of the trunk and limbs tend to become larger. This is a function of

*(a)* the parasympathetic system only

*(b)* the sympathetic system only

*(c)* both parasympathetic system and sympathetic system

*(d)* neither parasympathetic system nor sympathetic system

**46.** एरिक एरिक्सन द्वारा दिए गए निम्नलिखित मनःसामाजिक विकास के चरणों का सही क्रम क्या है?

1. विश्वास बनाम अविश्वास
2. स्वायत्तता बनाम लज्जा तथा संशय
3. उद्यम बनाम हीनता
4. पहल बनाम अपराधबोध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 1–2–4–3

*(c)* 2–1–4–3

*(d)* 2–4–1–3

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से व्यक्तित्व मूल्यांकन का/के काग़ज़-पेंसिल परीक्षण है/हैं?

1. MMPI
2. EPQ
3. DAT

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**48.** निम्नलिखित तत्त्वों पर विचार कीजिए :

1. आवश्यकता
2. प्रोत्साहन
3. अन्तर्नोद
4. पुरस्कार

निम्नलिखित में से कौन-सा एक अभिप्रेरणात्मक चक्र का सही अनुक्रम है?

*(a)* 2–1–3–4

*(b)* 1–3–2–4

*(c)* 1–2–3–4

*(d)* 4–3–2–1

**49.** कम्पनी का एक कर्मचारी नौकरी में बढ़ोतरी की आशा में पिछले कुछ सप्ताहों से समयोपरि कार्य करता रहा है। यह व्यवहार क्या बताता है?

*(a)* अन्तर्नोद

*(b)* प्रोत्साहन अभिप्रेरणा

*(c)* शक्ति की आवश्यकता

*(d)* आत्मसिद्धि

**50.** भय के समय, पेट, आंत्र और शरीर के आन्तरिक भाग को पोषित करने वाली रक्त वाहिकाओं में संकुचित होने की प्रवृत्ति होती है, जबकि वे जो धड़ और अंगों की बाह्य पेशियों को पोषित करती हैं उनमें विस्तारित होने की प्रवृत्ति होती है। यह किसका प्रकार्य है?

*(a)* केवल परानुकम्पी तंत्र

*(b)* केवल अनुकम्पी तंत्र

*(c)* परानुकम्पी तंत्र तथा अनुकम्पी तंत्र दोनों

*(d)* न तो परानुकम्पी तंत्र और न ही अनुकम्पी तंत्र

51. Stimulation of which part of the brain facilitates autonomic arousal and behavioural activity?

(a) Midbrain

(b) Thalamus

(c) Cingulate gyrus

(d) Septal region

52. "We feel sorry because we cry." To which theory of emotions does the statement belong?

(a) Cannon-Bard

(b) James-Lange

(c) Schachter-Singer

(d) Opponent process

53. Consider the following statements :

The term declarative memory is used to refer to

1. procedural memory
2. semantic memory
3. episodic memory

Which of the above statements are correct?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

54. Which one of the following is the most fundamental characteristic of instinct?

(a) Acquired

(b) Inherited

(c) Species-specific

(d) Culture-oriented

55. In the process of perception, the pattern recognition is based on

(a) signal detection

(b) competition between stimuli

(c) data limitation

(d) feature recognition

56. Consider the following statements :

Flashbulb memories are

1. the memories centered on specific, important or surprising events
2. so clear that they seem like snapshots of the events

Which of the above statements is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

51. मस्तिष्क के किस भाग का उद्दीपन स्वचालित उत्तेजन तथा व्यवहारपरक क्रिया को सरल बनाता है?

(a) मध्यमस्तिष्क

(b) चेतक

(c) सिंगुलेट जाइरस

(d) पटीय क्षेत्र

52. "हम खेद महसूस करते हैं क्योंकि हम रोते हैं।" यह कथन किस संवेग के सिद्धान्त से जुड़ा है?

(a) कैनन-बार्ड

(b) जेम्स-लैंग

(c) शैक्टर-सिंगर

(d) विरोधी प्रक्रिया

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

घोषणात्मक स्मृति पद का प्रयोग

1. कार्यविधिक स्मृति को निर्दिष्ट करने के लिए होता है

2. आर्थी स्मृति को निर्दिष्ट करने के लिए होता है

3. घटनाजन्य स्मृति को निर्दिष्ट करने के लिए होता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

54. निम्नलिखित में से कौन-सी एक मूल प्रवृत्ति की सर्वाधिक आधारभूत विशेषता है?

(a) उपार्जित

(b) वंशागत

(c) जाति-विशिष्ट

(d) संस्कृति-अभिमुख

55. प्रत्यक्षण के प्रक्रम में, प्रतिरूप की पहचान किस पर आधारित है?

(a) संकेत संसूचन

(b) उद्दीपनों के बीच प्रतियोगिता

(c) दत्त-सीमा

(d) आकृति पहचान

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

क्षणदीप स्मृतियाँ

1. विशिष्ट, महत्वपूर्ण या आश्चर्यजनक घटनाओं पर केन्द्रित स्मृतियाँ हैं

2. इतनी स्पष्ट स्मृतियाँ हैं कि घटना की तत्क्षणी तस्वीर प्रतीत होती हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**57.** When task performance is assisted by previous experiences, which we do not consciously try to recollect, it is known as

(a) implicit memory

(b) procedural memory

(c) explicit memory

(d) episodic memory

**58.** The spatial zone that Hall called social distance

(a) is usually maintained by using some kind of physical barrier

(b) allows good eye contact and sense of being personal

(c) is commonly found in contact sports

(d) eliminates personal communication between individuals

**59.** The repression hypothesis of forgetting or failure of retrieval asserts that traumatic associations of early memories cannot be retrieved unless emotions associated with memory are

(a) diffused

(b) suffused

(c) rehearsed

(d) contrasted

**60.** Which one of the following correctly states the purpose of job analysis?

(a) Placement of a person in proper job

(b) Appraisal of a person's job fitness

(c) Appraisal of performances of a person

(d) A description of what workers do on a particular job

**61.** Hippocampus plays a key role in

(a) spatial learning

(b) procedural memory

(c) executive functions of working memory

(d) semantic memory

**62.** Which one of the following correctly describes the essential function of personnel selection and assessment procedures?

(a) Estimating the likely future job performance of candidates

(b) Identifying the effectiveness of personnel at present

(c) Evaluating personality predispositions of candidates

(d) Assessing the worth for achievement of personnel

**57.** जब कार्य-निष्पादन पिछले उन अनुभवों के सहयोग से हो, जिन्हें हम सचेत रूप से याद करने की कोशिश नहीं करते, उसे क्या कहते हैं?

(a) अव्यक्त स्मृति

(b) कार्यविधिक स्मृति

(c) व्यक्त स्मृति

(d) घटनाजन्य स्मृति

**58.** स्थानिक क्षेत्र, जिसे हॉल ने सामाजिक दूरी कहा है,

(a) सामान्यतः किसी प्रकार के भौतिक अवरोध के प्रयोग द्वारा अनुरक्षित होता है

(b) अच्छे दृष्टि सम्पर्क और निजीपन के बोध को मान्य करता है

(c) साधारणतः संस्पर्शी क्रीड़ाओं में पाया जाता है

(d) व्यक्तियों के बीच निजी सम्प्रेषण का विलोपन करता है

**59.** विस्मरण या प्रतिनयन विफलता की दमन परिकल्पना यह मानती है कि पूर्व स्मृतियों के अभिघातज साहचर्यों का प्रतिनयन नहीं हो सकता जब तक कि इस स्मृति से जुड़े हुए संवेग

(a) विसरित न हों

(b) आप्लावित न हों

(c) पूर्वाभ्यसित न हों

(d) विपर्यस्त न हों

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कार्य-विश्लेषण का प्रयोजन सही ढंग से बताता है?

(a) व्यक्ति का उचित कार्य में पदस्थापन

(b) व्यक्ति की कार्य-उपयुक्तता का मूल्यांकन

(c) व्यक्ति के निष्पादन का मूल्यांकन

(d) एक खास कार्य में कर्मचारियों की क्रियाओं का वर्णन

**61.** हिप्पोकैम्पस की निम्नलिखित में से किसमें मुख्य भूमिका है?

(a) स्थानिक अधिगम

(b) कार्यविधिक स्मृति

(c) कार्यशील स्मृति के अधिशासी प्रकार्य

(d) आर्थी स्मृति

**62.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कार्मिक चयन तथा मूल्यांकन कार्यविधियों के अनिवार्य प्रकार्य का सही वर्णन करता है?

(a) अभ्यर्थियों के सम्भावित भावी कार्य-निष्पादन का आकलन करना

(b) कार्मिकों की वर्तमान में प्रभाविता को पहचानना

(c) अभ्यर्थियों के व्यक्तित्व की प्रवणताओं का मूल्यांकन करना

(d) कार्मिकों की उपलब्धि हेतु उपयुक्तता का मूल्यांकन करना

63. The theory of problem-solving based on computer simulation is known as

(a) statistical package for social sciences (SPSS)

(b) transmission control protocol (TCP)

(c) general problem solver (GPS)

(d) world wide web (WWW)

64. The technique of recalling information by having been exposed to related information at an earlier time is called

(a) priming

(b) rehearsal

(c) recollection

(d) recognition

65. Noam Chomsky introduced hypothetical mechanism for a language acquisition based on

(a) cognitive principles

(b) generative grammar

(c) language programming

(d) grammatical rules

66. Artificial intelligence refers to

(a) computer machine determining the limits of programming by programmes

(b) combination of cognitive psychology and computer science

(c) control device inherent in the machine

(d) computer programmers' capacity

67. When a mental set retards thinking by offering inappropriate solutions, it is a case of

(a) rigidity

(b) functional fixedness

(c) negative transfer

(d) negative bias

68. The figural, spatial and non-verbal processing of information in the right hemisphere is referred to as

(a) primary information processing

(b) secondary information processing

(c) appositional information processing

(d) propositional information processing

**63.** कम्प्यूटर अनुरूपण पर आधारित समस्या-समाधान सिद्धान्त क्या कहलाता है?

(a) सामाजिक विज्ञान के लिए सांख्यिकीय पैकेज (SPSS)

(b) संचरण नियंत्रण प्रोटोकॉल (TCP)

(c) सामान्य समस्या समाधानकर्ता (GPS)

(d) विश्वव्यापी जाल (WWW)

**64.** पूर्वकाल में सम्बद्ध सूचना का उद्भासन होने पर सूचना पुनःप्राप्ति की तकनीक क्या कहलाती है?

(a) उपक्रामण

(b) पूर्वाभ्यास

(c) प्रत्याह्वान

(d) पहचान

**65.** नोआम चोमस्की ने भाषा अर्जन के जिस प्राक्कल्पनात्मक रचनातंत्र का परिचय दिया है, वह निम्नलिखित में से किस पर आधारित है?

(a) संज्ञानात्मक सिद्धान्त

(b) प्रजनक व्याकरण

(c) भाषा प्रोग्रामन

(d) व्याकरणिक नियम

**66.** कृत्रिम बुद्धि किसे निर्दिष्ट करती है?

(a) कम्प्यूटर मशीन, जो प्रोग्रामन की सीमाएँ प्रोग्रामों के द्वारा निर्धारित करती है

(b) संज्ञानात्मक मनोविज्ञान तथा कम्प्यूटर विज्ञान का संयोजन

(c) मशीन में नियंत्रण युक्ति का होना

(d) कम्प्यूटर प्रोग्रामर की क्षमता

**67.** जब मानसिक विन्यास अनुपयुक्त समाधान देकर चिन्तन को मन्दित करता है, तो इसे क्या कहते हैं?

(a) अनम्यता

(b) प्रकार्यात्मक स्थिरता

(c) निषेधात्मक अन्तरण

(d) निषेधात्मक अभिनति

**68.** मस्तिष्क के दायें गोलार्ध में आकृतिक, स्थानिक और अशाब्दिक सूचना प्रक्रमण को क्या कहते हैं?

(a) प्राथमिक सूचना प्रक्रमण

(b) गौण सूचना प्रक्रमण

(c) समानाधिकारी सूचना प्रक्रमण

(d) प्रतिज्ञप्तिक सूचना प्रक्रमण

**69.** Consider the following dimensions :

1. Operations
2. Cognitions
3. Products
4. Contents

Which of the above dimensions are there in Guilford's Model of the Structure of Intellect?

*(a)* 2, 3 and 4 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**70.** Which one of the following methods of measuring retention makes use of saving scores?

*(a)* Recognition

*(b)* Recall

*(c)* Relearning

*(d)* Reconstruction

**71.** Intelligence required to succeed in school learning is widely considered to be measured by tests of

*(a)* verbal and quantitative ability

*(b)* verbal and spatial ability

*(c)* spatial and abstract reasoning ability

*(d)* abstract reasoning and quantitative ability

**72.** Which one of the following corresponds to intelligence consisting of the knowledge and expertise accumulated over a lifetime of experience and measured by vocabulary and comprehensive subtests of IQ tests?

*(a)* Fluid intelligence

*(b)* Emotional intelligence

*(c)* Social intelligence

*(d)* Crystallized intelligence

**73.** Which one of the following is ***not*** a component of the theory of multiple intelligences?

*(a)* Perceptual speed

*(b)* Linguistics

*(c)* Musical skill

*(d)* Logical mathematical skill

**74.** Instances in which individuals or groups perform trivial positive actions for people towards whom they feel prejudiced and then use these actions as an excuse for refusing more meaningful beneficial behaviour, are called

*(a)* tokenism

*(b)* discrimination

*(c)* stereotypes

*(d)* attitude

**69.** निम्नलिखित विमाओं पर विचार कीजिए :

1. संक्रिया
2. संज्ञान
3. उत्पाद
4. विषयवस्तु

उपर्युक्त में से कौन-सी विमाएँ गिल्फोर्ड के बुद्धि की संरचना के मॉडल में हैं?

*(a)* केवल 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति, धारण क्षमता को मापने में बचत प्राप्तांकों का प्रयोग करती है?

*(a)* पहचान

*(b)* पुनःस्मरण

*(c)* पुनरधिगम

*(d)* पुनर्निर्माण

**71.** विद्यालय अधिगम में सफल होने के लिए आवश्यक बुद्धि का मापन किन परीक्षणों द्वारा किया जाना व्यापक रूप से मान्य है?

*(a)* शाब्दिक और परिमाणात्मक योग्यता

*(b)* शाब्दिक और स्थानिक योग्यता

*(c)* स्थानिक और अमूर्त तर्क योग्यता

*(d)* अमूर्त तर्क और परिमाणात्मक योग्यता

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक उस बुद्धि के संगत है जो जीवनभर के अनुभव से संचित ज्ञान तथा विशेषज्ञता से निर्मित होती है और शब्दावली और IQ परीक्षणों के व्यापक उपपरीक्षणों द्वारा मापित होती है?

*(a)* तरल बुद्धि

*(b)* संवेगात्मक बुद्धि

*(c)* सामाजिक बुद्धि

*(d)* क्रिस्टलित बुद्धि

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बहुबुद्धियों के सिद्धान्त का घटक **नहीं** है?

*(a)* प्रात्यक्षिक त्वरा

*(b)* भाषाविज्ञान

*(c)* संगीत कौशल

*(d)* तार्किक गणितीय कौशल

**74.** ऐसे उदाहरण जिनमें व्यक्ति अथवा समूह, ऐसे लोगों के प्रति जिनके लिए वे पूर्वाग्रह का अनुभव करते हैं, नगण्य सकारात्मक क्रिया करते हैं तदुपरान्त इन कार्यों का प्रयोग अधिक अर्थपूर्ण लाभप्रद व्यवहारों को अस्वीकार करने के बहाने के लिए करते हैं, क्या कहते हैं?

*(a)* टोकनिज्म

*(b)* भेदभाव

*(c)* रूढ़ियाँ

*(d)* अभिवृत्ति

**75.** A new area of biological research on intelligence examines the rate of cortical glucometabolism. Investigations on cortical glucose metabolic rate using Positron Emission Tomography (PET) analysis of subjects solving Raven's progressive matrices or playing computer games generally reveal that more intelligent subjects show

*(a)* lower glucometabolic rates

*(b)* moderate glucometabolic rates

*(c)* high glucometabolic rates

*(d)* very high glucometabolic rates

**76.** The process of adding and equating certain factors to combine and evaluate information about others to form an impression of a person is

*(a)* cognitive summation

*(b)* cognitive algebra

*(c)* congruence

*(d)* comparison

**77.** Which of the following needs are included in growth motivation?

1. Physiological needs
2. Safety needs
3. Self-actualization
4. Esteem needs

Select the correct answer using the code given below :

*Code :*

*(a)* 2 and 4

*(b)* 1 and 3

*(c)* 1 and 4

*(d)* 3 and 4

**78.** An affiliation need means

*(a)* a social need that directs a person to achieve excellence

*(b)* to overcome obstacles and strive to do something difficult

*(c)* to attract attention to one's person

*(d)* to form friendship and association with others

**79.** Which one of the following dimensions does ***not*** belong to Five-factor Model of Personality?

*(a)* Openness to experience

*(b)* Psychoticism

*(c)* Neuroticism

*(d)* Extraversion

**75.** बुद्धि विषयक जैव अनुसंधान के एक नए क्षेत्र में वल्कुटीय ग्लूको-चयापचय की दर की जाँच की जाती है। रैवन के प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज को हल करने वाले या कम्प्यूटर गेम खेलने वाले व्यक्तियों पर पॉजिट्रॉन उत्सर्जन टॉमोग्राफी (PET) विश्लेषण का प्रयोग कर, वल्कुटीय ग्लूकोस चयापचय की दर पर हुए अनुसन्धानों से सामान्यतः यह स्पष्ट हुआ है कि अधिक बुद्धिमान व्यक्तियों में

*(a)* ग्लूको-चयापचय की दर निम्न होती है

*(b)* ग्लूको-चयापचय की दर मध्यम होती है

*(c)* ग्लूको-चयापचय की दर उच्च होती है

*(d)* ग्लूको-चयापचय की दर अत्यधिक उच्च होती है

**76.** कुछ घटकों के योग तथा समीकरण की प्रक्रिया को, जिसमें व्यक्ति की छवि निर्माण के लिए दूसरों के बारे में सूचना का संकलन तथा मूल्यांकन करते हैं, क्या कहते हैं?

*(a)* संज्ञानात्मक संकलन

*(b)* संज्ञानात्मक बीजगणित

*(c)* सर्वसमता

*(d)* तुलना

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सी आवश्यकताएँ वृद्धि अभिप्रेरण में समाविष्ट हैं?

1. शारीरिक आवश्यकताएँ
2. सुरक्षा की आवश्यकताएँ
3. आत्मसिद्धि
4. सम्मान की आवश्यकताएँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 2 और 4

*(b)* 1 और 3

*(c)* 1 और 4

*(d)* 3 और 4

**78.** सम्बन्धन आवश्यकता का क्या तात्पर्य है?

*(a)* एक सामाजिक आवश्यकता जो व्यक्ति को उत्कृष्टता पाने की ओर निर्देशित करे

*(b)* बाधाओं को पार करना और कुछ कठिन कार्य करने का प्रयास करना

*(c)* अपनी ओर ध्यान आकर्षित करना

*(d)* दूसरों के साथ मित्रता तथा सम्बन्ध बनाना

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक विमा व्यक्तित्व के पाँच घटक मॉडल का हिस्सा **नहीं** है?

*(a)* अनुभव के प्रति खुलापन

*(b)* मनस्तापिता

*(c)* तंत्रिकातापिता

*(d)* बहिर्मुखता

**80.** Consider the following stages of personality development :

1. Oral
2. Anal
3. Latency
4. Phallic
5. Genital

What is the correct order in which the above stages of personality development happen according to Freudian theory?

*(a)* 1–2–3–4–5

*(b)* 2–1–3–4–5

*(c)* 1–2–4–3–5

*(d)* 2–1–4–5–3

**81.** Mr. *X*, a company executive, feels that he can control his fate. He generally expects that by hard work, skill and training, it is possible to avoid failure and get the success. According to social learning theory, Mr. *X* has

*(a)* strong motive to avoid failure

*(b)* internal locus of control

*(c)* external locus of control

*(d)* achievement motivation

**82.** Consider the following learning styles :

1. Convergent learning
2. Divergent learning
3. Assimilative learning
4. Accommodative learning

Which of the above learning styles were proposed by Kolb?

*(a)* 1 and 4 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**83.** In community health programmes, tertiary prevention refers to

*(a)* prevention of health problems at the root level

*(b)* providing treatment after onset of disorder to prevent the problem from spreading further

*(c)* efforts to minimize the harm done by health problems to the individual and society

*(d)* Both *(a)* and *(b)*

**80.** व्यक्तित्व विकास के निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिए :

1. मौखिक

2. गुदीय

3. प्रसुप्ति

4. लैंगिक

5. जननांगिक

उपर्युक्त चरणों का वह सही क्रम कौन-सा है, जिसमें फ्रॉयड के सिद्धान्त के अनुसार, व्यक्तित्व का विकास होता है?

*(a)* 1–2–3–4–5

*(b)* 2–1–3–4–5

*(c)* 1–2–4–3–5

*(d)* 2–1–4–5–3

**81.** एक कम्पनी कार्यपालक श्रीमान $X$ यह महसूस करते हैं कि वह अपनी नियति पर नियंत्रण कर सकते हैं। वह साधारणतः मानते हैं कि कठोर परिश्रम, कौशल तथा प्रशिक्षण के द्वारा हार से बचना तथा सफलता पाना सम्भव है। सामाजिक अधिगम सिद्धान्त के अनुसार, श्रीमान $X$ के पास क्या है?

*(a)* विफलता परिहार का प्रबल अभिप्रेरक

*(b)* आन्तरिक नियंत्रण केन्द्र

*(c)* बाह्य नियंत्रण केन्द्र

*(d)* उपलब्धि अभिप्रेरण

**82.** निम्नलिखित अधिगम शैलियों पर विचार कीजिए :

1. अभिसारी अधिगम

2. अपसारी अधिगम

3. आत्मसात्कारी अधिगम

4. समंजनकारी अधिगम

उपर्युक्त अधिगम की शैलियों में से कौन-कौन सी कोल्ब ने प्रस्तावित की हैं?

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**83.** सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में, तृतीयक रोकथाम से क्या तात्पर्य है?

*(a)* स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का, मूल स्तर पर रोकथाम करना

*(b)* समस्या को आगे और फैलने से रोकने के लिए रोग के प्रारम्भ होते ही उपचार की व्यवस्था करना

*(c)* स्वास्थ्य की समस्याओं द्वारा व्यक्ति तथा समाज को पहुँचे नुकसान को न्यूनतम करने का प्रयास

*(d)* *(a)* और *(b)* दोनों

**84.** A production manager in an electronics industry has the skill of developing team spirit among his subordinates and influences them to achieve the departmental goals within the set time period. He is said to be high on

*(a)* legitimate power

*(b)* expert power

*(c)* social power

*(d)* referent power

**85.** Bipolar adjectives are used in

*(a)* semantic differential technique

*(b)* method of summated ratings

*(c)* method of equal-appearing intervals

*(d)* None of the above

**86.** Which one of the following statements relating to Pearson's $r$ is ***not*** correct?

*(a)* It expresses the linear relationship between two variables

*(b)* Square of it represents the proportion of variance in one explained by the other

*(c)* A correlation of $-0\cdot7$ is as strong as a correlation of $+0\cdot7$

*(d)* A correlation of $+0\cdot4$ is twice as strong as a correlation of $+0\cdot2$

**87.** Which of the following methods should ***not*** be applied to determine the reliability of a speed test?

1. Test-retest
2. Split-half
3. Parallel forms
4. Rational equivalence

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**88.** A high school girl preparing for her examination at around midnight heard a loud crash outside her room. Her body reacted instantly and she experienced a panic. The reaction was produced by

*(a)* left hemisphere

*(b)* occipital lobes

*(c)* sympathetic nervous system

*(d)* parasympathetic nervous system

**89.** Discrepancy between perception and reality occurring as a result of sensory processes is known as

*(a)* hallucination

*(b)* illusion

*(c)* discrimination

*(d)* accommodation

**84.** एक इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के उत्पादन प्रबन्धक में अपने अधीनस्थों में टीम भावना अर्जित करने का कौशल है और वह उनको अपने विभाग के लक्ष्यों को निर्धारित समय में प्राप्त करने के लिए प्रभावित करता है। वह किसमें उच्च कहा जाता है?

(a) वैध शक्ति

(b) विशेषज्ञ शक्ति

(c) सामाजिक शक्ति

(d) निर्देश्य शक्ति

**85.** द्विध्रुवी विशेषणों का प्रयोग किसमें होता है?

(a) आर्थी विभेदक प्रविधि

(b) समाकलित कोटि निर्धारण प्रणाली

(c) समानाभासी अन्तराल प्रणाली

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** पियर्सन $r$ से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) यह दो चरों के बीच रैखिक सम्बन्ध को व्यक्त करता है

(b) इसका वर्ग, एक में दूसरे के द्वारा व्याख्यायित, प्रसरण के अनुपात को निरूपित करता है

(c) $-0{\cdot}7$ का सहसम्बन्ध उतना ही प्रबल है जितना $+0{\cdot}7$ का सहसम्बन्ध

(d) $+0{\cdot}4$ का सहसम्बन्ध, $+0{\cdot}2$ के सहसम्बन्ध से दोगुना प्रबल है

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सी विधियाँ गति-परीक्षण की विश्वसनीयता को निर्धारित करने के लिए अनुप्रयुक्त **नहीं** की जानी चाहिए?

1. परीक्षण-पुनःपरीक्षण
2. विभक्तार्ध
3. समान्तर प्रारूप
4. तार्किक तुल्यता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

**88.** एक हाई स्कूल की परीक्षा की तैयारी करती हुई लड़की को मध्यरात्रि में अपने कमरे के बाहर कुछ गिरने की तेज आवाज सुनाई दी। तत्क्षण उसके शरीर ने प्रतिक्रिया की और उसने आतंक अनुभव किया। यह प्रतिक्रिया कहाँ उत्पन्न हुई?

(a) वाम गोलार्ध

(b) अनुकपाल पालि

(c) अनुकम्पी तंत्रिकातंत्र

(d) परानुकम्पी तंत्रिकातंत्र

**89.** प्रत्यक्ष तथा वास्तविकता में जो विसंगति संवेदी प्रक्रमों के परिणामों से होती है, उसे क्या कहते हैं?

(a) विभ्रान्ति

(b) भ्रम

(c) विभेदीकरण

(d) समंजन

90. Which one of the following is most important in classical conditioning?

(a) Sequence between CS and UCS

(b) Temporal arrangement of the CS and UCS pairings

(c) The number of conditioning trials

(d) Familiarity with the environmental conditions

91. A factory pays its employees on a piecework system. The schedule of reinforcement used is

(a) variable ratio

(b) fixed ratio

(c) fixed interval

(d) variable interval

92. An assessment technique that attempts to study personality through the use of unstructured stimulus, task or situation is termed as

(a) paper-pencil test

(b) semi-projective test

(c) psychometric test

(d) projective test

93. A disorder resulting from exposure to major stress or with symptoms of anxiety, nightmares, poor sleep and concentration problems lasting for more than one month is called

(a) anxiety disorder

(b) post-traumatic stress disorder (PTSD)

(c) sleep disorder

(d) trauma

94. 'Focus gambling' is a strategy adopted in

(a) division of attention

(b) concept acquisition

(c) differentiation

(d) perceptual vigilance

95. The two-factor and the group-factor intelligence theories were formulated using the method of

(a) discriminant analysis

(b) trend analysis

(c) regression analysis

(d) factor analysis

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक क्लासिकी अनुबन्धन में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?

(a) CS और UCS के बीच का अनुक्रम

(b) CS और UCS युग्मन का कालिक विन्यास

(c) अनुबन्धन के प्रयासों की संख्या

(d) पर्यावरणीय परिस्थितियों के साथ परिचय

**91.** एक कारखाना जो अपने कर्मचारियों को उजरती काम की पद्धति से वेतन देता है, किस प्रबलन अनुसूची का प्रयोग करता है?

(a) परिवर्तनीय अनुपात

(b) निश्चित अनुपात

(c) निश्चित अन्तराल

(d) परिवर्तनीय अन्तराल

**92.** वह मूल्यांकन प्रविधि, जो व्यक्तित्व का अध्ययन असंरचित उद्दीपन, कृत्यक या स्थिति के प्रयोग द्वारा करने का प्रयास करे, क्या कहलाती है?

(a) काग़ज़-पेंसिल परीक्षण

(b) अर्ध-प्रक्षेपी परीक्षण

(c) मनोमितिक परीक्षण

(d) प्रक्षेपी परीक्षण

**93.** एक विकार, जो किसी बड़े दबाव के अनुभव का परिणाम होता है या जिसमें दुश्चिन्ता, दुःस्वप्न, अच्छी नींद न पाना तथा ध्यान की समस्याओं के लक्षण एक महीने से अधिक समय तक बने होते हैं, क्या कहलाता है?

(a) दुश्चिन्ता विकार

(b) पश्च-अभिघात दबाव विकार (PTSD)

(c) निद्रा विकार

(d) अभिघात

**94.** 'फोकस गैम्बलिंग' युक्ति किसमें अपनायी जाती है?

(a) ध्यान का विभाजन

(b) संप्रत्यय अर्जन

(c) पृथकीकरण

(d) प्रात्यक्षिक सतर्कता

**95.** बुद्धि के दो घटक और समूह घटक सिद्धान्त, किस विधि के प्रयोग से निरूपित किए गए?

(a) विभेदी विश्लेषण

(b) प्रवृत्ति विश्लेषण

(c) प्रतिगमन विश्लेषण

(d) कारक विश्लेषण

**96.** Which of the following factors are included in Thurstone's test of primary mental abilities?

1. Space
2. Reasoning
3. Sociability
4. Word fluency

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 3 and 4

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 1, 2 and 3

**97.** In an attitude scale, items are chosen to be either highly favourable or highly unfavourable towards attitude object. Respondents are asked to indicate the degree of agreement or disagreement with each of the statements. This type of scale is

*(a)* Thurstone scale

*(b)* Likert scale

*(c)* Seven-point scale

*(d)* Distance scale

**98.** Discrimination is a behavioural manifestation of

*(a)* attitude

*(b)* stereotype

*(c)* prejudice

*(d)* prototype

**99.** Use of prototypes

*(a)* enhances information processing capacities

*(b)* lowers information processing capacities

*(c)* has no impact on the capacity of information processing

*(d)* increases speed but reduces accuracy of information processing

**100.** The belief of an individual about the way in which traits are generally interrelated in people is called

*(a)* explicit personality theory

*(b)* implicit personality theory

*(c)* consistency theory of personality

*(d)* trait theory of personality

**96.** निम्नलिखित में से कौन-से घटक थर्स्टन के प्राथमिक मानसिक योग्यता परीक्षण में समाविष्ट हैं?

1. स्थान
2. तर्क
3. समाजशीलता
4. शब्द प्रवाह

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2 और 3

**97.** अभिवृत्ति की मापनी में चुनी गई मदें या तो अभिवृत्ति वस्तु के प्रति अत्यधिक अनुकूल या अत्यधिक प्रतिकूल होती हैं। प्रत्यर्थियों को, किस मात्रा तक वे हर एक कथन से सहमत या असहमत हैं, यह संकेत देने के लिए कहा गया है। यह कौन-सी मापनी है?

*(a)* थर्स्टन मापनी

*(b)* लीकर्ट मापनी

*(c)* सात बिन्दु मापनी

*(d)* दूरी मापनी

**98.** विभेदीकरण किसकी व्यवहारात्मक अभिव्यक्ति है?

*(a)* अभिवृत्ति

*(b)* रूढ़ि (स्टीरियोटाइप)

*(c)* पूर्वाग्रह

*(d)* आदिप्ररूप

**99.** आदिप्ररूपों का प्रयोग

*(a)* सूचना प्रक्रमण क्षमता में वृद्धि करता है

*(b)* सूचना प्रक्रमण क्षमता घटाता है

*(c)* सूचना प्रक्रमण क्षमता को प्रभावित नहीं करता है

*(d)* गति को बढ़ाता है परन्तु सूचना प्रक्रमण की परिशुद्धता को कम करता है

**100.** किसी व्यक्ति का उस पद्धति में विश्वास, जिसमें लोगों में विशेषक साधारणतः परस्पर-सम्बन्धित होते हैं, क्या कहलाता है?

*(a)* सुव्यक्त व्यक्तित्व सिद्धान्त

*(b)* अस्पष्ट व्यक्तित्व सिद्धान्त

*(c)* व्यक्तित्व का एकरूपता का सिद्धान्त

*(d)* व्यक्तित्व का विशेषक सिद्धान्त

101. Which one of the following components is ***not*** related to emotional intelligence according to Daniel Goleman?

*(a)* Being self-aware

*(b)* Not controlling anxiety and anger

*(c)* Being persistence

*(d)* Being empathic

102. The expression "Occam's razor" relates to

*(a)* objectivity

*(b)* parsimony

*(c)* empiricism

*(d)* testability

103. Which one of the following statements regarding ex post facto research design is correct?

*(a)* It is carried out to find out the relationships among the variables

*(b)* It involves random assignment of subjects

*(c)* It is employed in experimental research

*(d)* It assumes measurement of variables using at least ordinal scale

104. Which of the following are correctly matched?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Addition and subtraction | : Absolute zero |
| 2. | Chi-squares | : Frequencies |
| 3. | Interquartile range | : Rank order |
| 4. | Division and multiplication | : Arbitrary zero |

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 4

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 and 3

*(d)* 2 and 4

105. Which one of the following is associated with nominal scale of measurement?

*(a)* Mode

*(b)* Median

*(c)* Quartile deviation

*(d)* Range

**101.** डेनियल गोलमैन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा अवयव संवेगात्मक बुद्धि से सम्बन्धित नहीं है?

(a) आत्मजागरूक होना

(b) दुश्चिन्ता तथा क्रोध को नियंत्रित न करना

(c) आग्रहशील बने रहना

(d) तदनुभूतिक होना

**102.** 'औकैम का रेज़र' यह अभिव्यक्ति किससे सम्बन्ध रखती है?

(a) वस्तुनिष्ठता

(b) लाघव (पार्सीमनी)

(c) अनुभववाद

(d) परीक्षणीयता

**103.** कार्योत्तर अनुसन्धान अभिकल्प के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(a) यह चरों के बीच का सम्बन्ध जानने के लिए किया जाता है

(b) इसमें प्रयोज्यों का यादृच्छिक समनुदेशन निहित है

(c) इसका प्रायोगिक अनुसन्धान में उपयोग किया जाता है

(d) इसकी मान्यता है कि चरों का मापन कम-से-कम क्रमसूचक मापनी पर अवश्य हुआ हो

**104.** निम्नलिखित में से कौन-से सुमेलित हैं?

1. जोड़ना और घटाना : निरपेक्ष शून्य
2. काई-वर्ग : बारम्बारताएँ
3. अन्तश्चतुर्थक परास : कोटि-क्रम
4. विभाजन और गुणन : यादृच्छिक शून्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1 और 4

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) 2 और 4

**105.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक माप की नामित मापनी से सम्बन्धित है?

(a) बहुलक

(b) माध्यिका

(c) चतुर्थक विचलन

(d) परास

**106.** Consider the following statements relating to the reliability and validity of a test :

1. Validity presupposes some amount of reliability.
2. Internal consistency is related to both reliability and validity.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**107.** A child runs with a stick presuming it to be a horse. What kind of thinking is it?

*(a)* Animistic

*(b)* Autistic

*(c)* Concrete

*(d)* Abstract

**108.** A major pathway extending from the primary visual cortex to the parietal lobes seems to specialize in detecting

*(a)* colours

*(b)* shapes

*(c)* lines and angles

*(d)* position and motion

**109.** Which concept describes the human mind as a river which is always flowing and changing?

*(a)* Collective consciousness

*(b)* Creative thinking

*(c)* Stream of consciousness

*(d)* Cognitive map

**110.** Unconscious aspects of personality can be more accurately assessed by which one of the following tests/methods?

*(a)* Objective test

*(b)* Interview method

*(c)* Observation method

*(d)* Projective test

**106.** एक परीक्षण की विश्वसनीयता तथा वैधता से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वैधता में कुछ मात्रा की विश्वसनीयता पूर्वमान्य होती है।

2. आन्तरिक एकरूपता का सम्बन्ध विश्वसनीयता तथा वैधता दोनों से है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**107.** एक बच्चा एक छड़ी को घोड़ा मानकर उसके साथ दौड़ता है। यह किस प्रकार का चिन्तन है?

*(a)* जीववादी

*(b)* स्वलीन

*(c)* मूर्त

*(d)* अमूर्त

**108.** एक मुख्य पथ, जो प्राथमिक चाक्षुष वल्कुट से भित्तीय पालियों तक विस्तृत होता है, किसके संसूचन की विशिष्ट क्षमता रखता है?

*(a)* रंग

*(b)* आकार

*(c)* रेखाएँ और कोण

*(d)* स्थिति और गति

**109.** कौन-सा सम्प्रत्यय मानव मन को उस नदी की तरह वर्णित करता है, जो सदा प्रवहमान है और बदलती रहती है?

*(a)* सामूहिक चेतना

*(b)* सर्जनात्मक चिन्तन

*(c)* चेतना का प्रवाह

*(d)* संज्ञानात्मक नक्शा

**110.** व्यक्तित्व के अचेतन पक्षों का निम्नलिखित परीक्षणों/विधियों में से किसके द्वारा सर्वाधिक परिशुद्धता से निर्धारण किया जा सकता है?

*(a)* वस्तुनिष्ठ परीक्षण

*(b)* साक्षात्कार विधि

*(c)* प्रेक्षण विधि

*(d)* प्रक्षेपी परीक्षण

**111.** Which one among the following releases neurotransmitters that carry the message to other neurons?

(a) Synaptic cleft

(b) Terminal button

(c) Synaptic vesicles

(d) Dendrites

**112.** What is the correct sequence of the following events during stress reaction?

1. Hypothalamus releases CRH.
2. Pituitary produces ACTH.
3. Anterior adrenal cortex produces 17-OHCS.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1–2–3

(b) 2–3–1

(c) 1–3–2

(d) 2–1–3

**113.** Which one of the following brain-imaging techniques uses a radioactive sugar?

(a) EEG

(b) CT

(c) PET

(d) MRI

**114.** The nerve impulse is transmitted across the synapse by

(a) electrical activity

(b) chemical intermediary

(c) electrochemical activity

(d) biochemical activity

**115.** Top-down perceptual processes are thought to be

(a) conceptually driven

(b) data driven

(c) semantics driven

(d) analysis driven

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्य तंत्रिकाकोशिकाओं को सन्देश ले जाने वाली तंत्रिकाप्रेषियों का मोचन करता है?

(a) सूत्रयुग्मन विदर

(b) अन्तस्थ बटन

(c) सूत्रयुग्मन आशय

(d) द्रुमिका

**112.** दबाव प्रतिक्रिया के दौरान निम्नलिखित घटनाओं का सही अनुक्रम क्या है?

1. अधश्चेतक CRH का मोचन करता है।

2. पीयूष ग्रंथि ACTH उत्पन्न करती है।

3. अग्र-अधिवृक्क वल्कुट 17-OHCS, उत्पन्न करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1–2–3

(b) 2–3–1

(c) 1–3–2

(d) 2–1–3

**113.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक मस्तिष्क इमेजिंग तकनीक रेडियो-सक्रिय शर्करा का उपयोग करती है?

(a) EEG

(b) CT

(c) PET

(d) MRI

**114.** तंत्रिका आवेग तंत्रिकाकोशिका संधि के आर-पार किसके द्वारा प्रेषित होता है?

(a) विद्युत् सक्रियता

(b) रासायनिक मध्यक

(c) विद्युत्-रासायनिक सक्रियता

(d) जैव रासायनिक सक्रियता

**115.** अधोगामी प्रात्यक्षिक प्रक्रम किस रूप में चालित होने वाले माने जाते हैं?

(a) सम्प्रत्ययात्मकतः चालित

(b) दत्त चालित

(c) अर्थ चालित

(d) विश्लेषण चालित

*Directions* :

The following **five (5)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below :

*Code* :

(*a*) Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

(*b*) Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

(*c*) Statement I is true but Statement II is false

(*d*) Statement I is false but Statement II is true

**116.** Statement I :

Confabulation is a reconstructive process in memory recall.

Statement II :

Eidetic imagery is necessary for good memory recall.

**117.** Statement I :

Extraversion is an important concept in modern personality psychology.

Statement II :

The psychological definition of personality is itself based on the observation that people differ in degree of popularity or social recognition.

**118.** Statement I :

The Rorschach test cannot be adopted to the Indian socio-cultural context.

Statement II :

The stimulus material of the Rorschach test is very ambiguous.

**119.** Statement I :

Different neurons conduct action potentials along their axons at different speeds.

Statement II :

The difference in the speed may be because some axons have myelinated and some have not.

**120.** Statement I :

More individual differences are present in prejudice.

Statement II :

Prejudice is based on pre-judgements made before actual experience.

**निर्देश :**

निम्नलिखित **पाँच (5)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए :

**कूट :**

*(a)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

*(b)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

*(c)* कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

*(d)* कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**116.** कथन I :

स्मृति के पुनःस्मरण में मिथ्यारचना एक पुनर्रचनात्मक प्रक्रम है।

कथन II :

स्मृति के अच्छे पुनःस्मरण के लिए मूर्तकल्पी प्रतिमावली आवश्यक है।

**117.** कथन I :

आधुनिक व्यक्तित्व मनोविज्ञान में बहिर्मुखता एक महत्त्वपूर्ण सम्प्रत्यय है।

कथन II :

व्यक्तित्व की मनोवैज्ञानिक परिभाषा अपने-आप में इस प्रेक्षण पर आधारित है कि व्यक्ति लोकप्रियता तथा सामाजिक मान्यता की मात्रा में भिन्न होते हैं।

**118.** कथन I :

रोर्शाक परीक्षण को भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक सन्दर्भ में अपनाया नहीं जा सकता।

कथन II :

रोर्शाक परीक्षण की उद्दीपन सामग्री बहुत ही सन्दिग्धार्थी है।

**119.** कथन I :

विभिन्न तंत्रिकाकोशिकाएँ अपने तंत्रिकाक्षों पर विभिन्न गतियों में क्रियाविभवों का चालन करती हैं।

कथन II :

गति में अन्तर इस कारण हो सकता है कि कुछ तंत्रिकाक्ष माईलिन युक्त हो चुके होते हैं और कुछ नहीं हुए रहते।

**120.** कथन I :

पूर्वाग्रह में अपेक्षाकृत अधिक व्यक्ति-विभेद विद्यमान होते हैं।

कथन II :

पूर्वाग्रह वास्तविक अनुभव के पहले किए गए पूर्वनिर्णयों पर आधारित होता है।

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

★★★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : N-DTQ-K-RUI** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 21933

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## मनोविज्ञान

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 300**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.